WINNER GROUP OF COMPANIES
WINNER CREDIT CO-OPRATIVE SOCIETY LIMITED



NEWS TODAY Update

# युवराज न्यूज़ टुडे

RNI:- BIHHIN05409

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

आपकी आवाज़

newstodayupdate.in

रजि० कार्यालय : अष्ठाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in

वर्ष : 06 अंक : 07+26 तिथि : 27 अप्रैल 2020 मूल्य : नि:शुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830


# न्यूज़ टुडे लॉक डाउन स्पेशल रोजाना अंक

## कोरोना वायरस लॉकडाउन के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक के बाद कहा, लॉकडाउन को बढ़ाने पर 3 मई के बाद निर्णय होगा



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
न्यूज टुडे मीडिया समूह

बिग ब्रेकिंग




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना वायरस संक्रमण की देश में मौजूदा स्थिति और इस कारण 25 मार्च से लागू लॉकडाउन सहित अन्य विषयों पर सोमवार को विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक कर चर्चा की. समझा जाता है कि बैठक में देश को लॉकडाउन से चरणबद्ध तरीके से बाहर लाने के उपायों पर भी विचार विमर्श हुआ. सूत्रों के अनुसार, पीएम मोदी ने बैठक में कहा कि लॉकडाउन का देश को लाभ मिला है.

सामूहिक प्रयासों का असर अब दिख रहा है. उन्होंने लॉकडाउन पर राज्यों को संयम बरतने का मंत्री भी दिया. सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी ने कहा कि लॉकडाउन खोलने को लेकर एक नीति तैयार करनी होगी. राज्य अपनी नीति तैयार करें कि कैसे रेड, ग्रीन और ऑरेंज जोन को खोलना है. बैठक के दौरान, नौ राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने अपने विचार प्रधानमंत्री के सामने रखे. इनमें से चार मुख्यमंत्रियों ने लॉकडाउन को बढ़ाने का सुझाव दिया है. पीएम मोदी ने कहा कि 3 मई के बाद निर्णय होगा, जो प्रदेश ज्यादा प्रभावित वहां लॉकडाउन जारी रहेगा जिन राज्यों में स्थिति ठीक है वहां जिलावार रियायत दी जाएगी.

गृह मंत्री शाह ने बैठक में कहा, जहां–जहां लॉकडाउन भंग की घटनाएं हो रही हैं उन्हें तुरंत रोकने का प्रयास करें. दुनिया में दो लाख से ज्यादा लोगों की कोरोनावायरस से मौत हुई, उसके अपेक्षा हमारी स्थिति अच्छी है. उन्होंने कहा कि कोरोना से यह लड़ाई लंबी है, हमें धैर्यपूर्वक लड़ना है. केरल के मुख्यमंत्री पी. विजयन ने इस बैठक से दूरी बनायी.

बैठक में हिस्सा ले रहे तमाम राज्यों के मुख्यमंत्री मास्क लगाए नजर आये तो वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने हरे रंग के बॉर्डर वाले सफेद गमछे से मुंह को ढंका हुआ था. सरकार के सूत्रों ने रविवार को संकेत दिए थे कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों के बीच महामारी से निपटने के तरीकों पर चर्चा के अलावा, लॉकडाउन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के उपायों पर भी विचार विमर्श हो सकता है . उल्लेखनीय है कि कोरोना संक्रमण को रोकने के लिये देश में 25 अप्रैल से 14 मई तक 21 दिन और 13 अप्रैल से तीन मई तक 19 दिन का लॉकडाउन घोषित किया जा चुका है.

### लॉकडाउन के भविष्य पर होगा फैसला

इससे पहले 11 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की थी. तब 14 अप्रैल को लॉकडाउन खत्म होने वाला था. इस बैठक में भी ज्यादातर मुख्यमंत्रियों ने लॉकडाउन बढ़ाने की मांग की थी. प्रधानमंत्री मोदी ने फिर 14 अप्रैल को घोषणा की थी कि लॉकडाउन को 3 मई तक बढ़ाया जा रहा है. अब इसी बैठक में तय होना है कि लॉकडाउन 3 का ऐलान किया जाएगा या नहीं.




## 75 वर्षीया विधवा को सरकारीकर्मी गरीब नही मानते जबकि भीख मांग कर गुजारनी पड़ती है अपनी जिंदगी, मुखिया अपने पास से प्रति माह देती है अनाज



रिंकू गिरी, स्थानीय संवाददाता




पूर्वी चंपारण के संग्रामपर प्रखंड स्थित उतरी भवानीपुर पंचायत के वार्ड आठ की रहने वाली 75 वर्षीया विधवा सुमित्रा कुँवर को सरकारी कर्मी गरीब नहीं मानते जबकि इसे भीख मांग कर अपनी जिंदगी गुजारनी पड़ती हैं। पति सुखल पासवान के मौत के बाद जीवकोपार्जन का एक मात्र साधन दूसरे के द्वारा दिए जाने वाले अनाज या भोजन है।

बासगीत की जमीन नहीं होने के चलते गंडक नदी के बांध के नीचे झोपड़ी बना कर किसी तरह गुजर बसर कर रही हैं। एक पुत्र हैं उसका भी शायद कोई पता नहीं। इसने लगातार राशन कार्ड के लिए के लिए प्रखण्ड कार्यालय इस उम्र में पैदल जाकर आवेदन किया, लेकिन कर्मी और पदाधिकारी इसे गरीब ही नहीं मानते जिससे इस गरीब का राशन कार्ड नहीं बना।

लॉकडाउन के साथ उम्र की अंतिम पड़ाव का दंश झेल रही सुमित्रा को खाने के लाले पड़ रहे हैं। कारण कि लॉकडाउन में किसी दरवाजे पर कुछ मांगने भी नहीं जा सकती। चूल्हा नहीं जलने पर अगल बगल के किसी की मेहरबानी हुई तो उसने कुछ खिला दिया अन्यथा झोपड़ी बैठ खाने के लिए बगलगीर का मुंह ताकना नियति बन गयी। सुमित्रा के राशन कार्ड के वावत पूछने पर कोई पदाधिकारी कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं।

उसके बगलगिरों ने बताया कि जब मुखिया निवेदिता कुमारी को इसके राशन कार्ड नहीं होने की भनक लगीं तो उनके द्वारा प्रत्येक माह अपने घर से कुछ खाद्यान दिया जाने लगा और उसके राशन कार्ड के लिए आवेदन भी करवाई गयी, लेकिन चार सालों बाद भी इसे राशन कार्ड नसीब नहीं हुआ।

## पूर्वी चंपारण जिले के अरेराज व बंजरिया की सीमा हुई सील, चार कोरोना पॉजिटिव मरीज मिलते ही सतर्क हुआ जिला प्रशासन



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,
न्यूज टुडे मीडिया




पूर्वी चंपारण जिले में एक साथ चार कोरोना संक्रमित मरीजों के मिलते ही पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी एक्शन में आ गए हैं। जिला मुख्यालय मोतिहारी से सटे बंजरिया प्रखंड क्षेत्र में कोरोना के तीन एवं अरेराज अनुमंडल मुख्यालय स्थित नगर पंचायत क्षेत्र में एक मरीज मिले हैं।

### डीएम–एसपी ने किया अरेराज व बंजरिया का दौरा

कोरोना संक्रमित मरीज मिलने के बाद जिले के डीएम कपिल अशोक शीर्षत एवं एसपी नवीनचंद्र झा ने अरेराज व बंजरिया का दौरा किया। दोनों अधिकारियों ने संबंधित कनीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई

### जिले में प्रशासन द्वारा बनाए गए क्वारंटाइन सेंटरों और चेक पोस्टों की खुली पोल

प्रशासन के नाक के नीचे अन्य प्रदेशों से कोरोना मरीज खुलेआम बिहार पहुंच रहे है। सिर्फ बाहर से आने वालों लोगों के कारण बिहार कोरोना हब बनता दिख रहा है। लॉकडाउन का पालन किस कदर हो रहा है। यह आज साबित हो गया है। बंजरिया के चार मरीज को प्रशासन ने कैसे क्वारनटाइन रखा था सरकारी विद्यालय के बने सेंटर में, जहां से वे आसानी से अपने घर आते जाते रहे। यह कैसी व्यवस्था और कैसा इंतजाम रहा। यदि ऐसा हुआ है तो जिले के लिए यह बहुत ही शर्मनाक है। इस स्थिति में सिर्फ ये चारों मरीज सैकड़ो लोगों को पीड़ित कर सकते है। इसका खुलासा भी बहुत जल्द होगा की इन लोगों ने कितने लोगों को कोरोना पॉजिटिव किया। आज से प्रशासन और मेडिकल विभाग ने अपना काम शुरू किया है। नतीजा आना बाकी है। मरीजो की संख्या का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। देखिए आगे क्या होता है। यदि यही स्थिति रही तो पूर्वी चंपारण का दृश्य भयावह होगा।

का निर्देश दिया है। डीएम श्री शीर्षत ने बताया कि अरेराज एवं बंजरिया की सीमा को चारो ओर से सील कर दिया गया है। वहां अधिकारियों के साथ ही पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। संबंधित गांवों में जिला प्रशासन की ओर से मेडिकल टीम को भी भेजा गया है। डीएम के मुताबिक मुंबई से कैंसर पीड़ित के साथ जो लोग आए थे उसे पटना भेजा जा रहा है।

### सभी संक्रमित मरीज भेजे गये मोतिहारी

बंजरिया के तीन व अरेराज के एक संक्रिमत मरीज को जिला मुख्यालय मोतिहारी स्थित डायट में बनाए गए आइसोलेशन सेंटर में भर्ती कराया गया है। डीएम ने कहा कि दोनों जगह के मरीज किसके–किसके संपर्क में आए थे इसकी खोजबीन की जा रही है। संक्रमित मरीजों के परिवारिक सदस्यों को क्वारांटाइन किया गया है।

## आज सोमवार को 30 और नये कोरोना पॉजिटिव मिलने से बिहार राज्य में कोरोना मरीजों की संख्या बढ़कर हुई 321



आशीष राज,
स्थानीय संपादक, न्यूज







बिहार में कोरोना पॉजिटिवों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है. सोमवार 13 और नये कोरोना पॉजिटिव पाये गये है, इसके साथ ही राज्य में कोरोना मरीजों की संख्या बढ़कर 290 हो गयी है. बिहार के कुल 38 जिलों में से 22 जिलों में कोविड 19 के मामले अबतक प्रकाश में आये हैं. बिहार में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले अबतक सबसे अधिक मुंगेर में 81, नालंदा में 34, पटना में 33, सीवान में 30, बक्सर में 25, रोहतास में 15, कैमूर में 14, गोपालगंज में 12, बेगूसराय में नौ, गया में छह, भागलपुर एवं पूर्वी चंपारण में पांच–पांच, अरवल में चार, नवादा एवं सारण में तीन–तीन, बांका, औरंगाबाद, वैशाली एवं भोजपुर में दो–दो तथा लखीसराय, मधेपुरा एवं जहानाबाद में एक–एक मामले प्रकाश में आये हैं.

### बिहार में आज 30 मिले नये कोरोना

बिहार में बढ़ते कोरोना संक्रमित मरीजों ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है. कोरोना वायरस की पहली जांच रिपोर्ट में 13 नए कोरोना मरीज मिले है. जो सभी मुंगेर जिले के हैं. वहीं, इसके बाद दूसरी जांच रिपोर्ट में फिर 17 नए कोरोना पॉजिटिव मिले है, जिसमें नौ मुंगेर के पांच मधुबनी के और तीन लखीसराय के मरीज शामिल है, जिसके बाद कोरोना पॉजिटिव की संख्या राज्य में अब 321 पहुंच गई है. इससे पहले रविवार की आयी अंतिम जांच रिपोर्ट में एक दिन में 26 नए मरीज मिले थे.

### मधुबनी में पांच लोग हुये कोरोना पॉजिटिव

बिहार में बहुत तेजी के साथ कोरोना अपना पैर पसार रहा है. राज्य में कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़कर 321 हो गई है. इसके साथ ही मधुबनी में कोरोना पॉजिटिव की संख्या पांच हो गई है.

## देश भर में 28380 लोग कोरोनावायरस की चपेट में, 6362 लोग स्वस्थ हुए और 886 की मौत

स्वास्थ्य मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट के अनुसार देश में कोरोनावायरस से अब तक 872 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 27892 लोग इस वायरस की चपेट में आ चुके हैं. वहीं इस वायरस से 6184 लोग स्वस्थ होकर घर को लौट चुके हैं.

## पुलिस और पब्लिक मिलकर जरूरतमंदों तक पहुंचा रहे राशन



सम्राट, संवाददाता




मोतिहारी में कोरोना संक्रमण को लेकर हुए लॉकडाउन में प्रभावित लोगों की मदद में कई लोगों ने हाथ बढ़ाया है. लॉकडाउन को सफल बनाने में लगे पुलिसकर्मियों ने नगर थानाध्यक्ष अभय कुमार के निर्देश पर शहर के बनियापट्टी के कुछ युवको का चयन किया है, जिनके माध्यम से पुलिसकर्मी गरीबों की सेवा कर रहे हैं. बनियापट्टी के युवकों ने इस कार्य के लिए स्थानीय लोगों से भी मदद लेना शुरु किया है. इस तरह से पुलिस और पब्लिक की मदद से गरीबों की सेवा शुरु हुई है.

### जरुरतमंदों तक पहुंचाते हैं राशन

पुलिस अधिकारियों ने इस कार्य के लिए बनियापट्टी के राजकुमार को नेतृत्वकर्ता बनाया है. जिनकी देख–रेख में धाजा स्थित भैरव स्थान में सूखा राशन और सुरक्षा के सामानों का पैकिंग होता है. राजकुमार ने पुलिस प्रशासन की ओर से इस नेक कार्य का दायित्व देने के लिए उन्हे आभार प्रकट किया. उन्होंने बताया कि बीते 1 अप्रैल से जरुरतमंद लोगों के बीच सूखा राशन और सुरक्षा के सामान वितरित किया जा रहा है. राजकुमार ने बताया कि भैरव स्थान में सूखा राशन का पैकिंग कर वे लोग नगर थाने ले जाते हैं. जहां से निर्देश मिलने के बाद पैक किए गए राशन को जरूरतमंदों तक पहुंचा दिया जाता है.

### लॉकडाउन पीरियड में पुलिसकर्मियों की पहल

नगर थानाध्यक्ष अभय कुमार ने न्यूज टुडे टीम को बताया कि पुलिसक. र्मियों को लॉकडाउन पीरियड में ड्यूटी पर रहने के कारण जरुरतमंद तक मदद पहुंचाने में परेशानी हो रही थी. लिहाजा, उन लोगों ने राजकुमार से संपर्क किया. इसके अलावा कुछ स्थानीय लोग राजकुमार से चावल, आटा के साथ कुछ आर्थिक मदद लेकर जनसेवा करने में लगे हैं. राजकुमार पेशे से व्यवसायी हैं और वह इस लॉकडाउन पीरियड में पुलिसकर्मियों की पहल पर समाजसेवा में लगे हुए हैं.


बस एक क्लिक कीजिए
देश दुनिया की खबर के साथ अपनी खबर भी देखिए
www.newstodayupdate.in
A Fast Growing Web News Portal
A unit of Yuvaraj Media Entertainment
Contact for News & Advt.: 9471005272, 8210595830

NEWS TODAY Update newstodayupdate.in
Web News Portal: www.newstodayupdate.in
न्यूज़ टुडे राष्ट्रीय हिन्दी मासिक पत्रिका
Yuvaraj Media & Entertainment An Ideal Film Production
बस एक क्लिक कीजिए
देश दुनिया की खबर के साथ अपनी खबर भी देखिए
www.newstodayupdate.in
A Fast Growing Web News Portal
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

CSC ID: 117745760015
CSC E-GOVERNANCE SERVICES INDIA LIMITED
Digital India Power To Empower
भारत सरकार
डिजिटल सेवा
कॉमन सर्विस सेन्टर

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830